दिन–शनिवार दिनांक– 28/02/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राजस्थान के अजमेर से चौदह वर्ष की बालिकाओं के लिए राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

02. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का तीन दिवसीय सीमांचल दौरा समाप्त। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में हटाये गए लोगों की पहचान के लिए घर–घर सर्वे का दिया निर्देश।

03. केंद्र सरकार ने धान खरीद में तेजी लाने के लिए फोर्टीफाइड चावल की अनिवार्यता को स्थगित किया।

04. और, पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के सेंट्रल पैनल के पांच पदों के लिए शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी। देर रात परिणाम आने की संभावना।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राजस्थान के अजमेर से चौदह वर्ष की बालिकाओं के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस–एचपीवी टीकाकरण के राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस पहल का उद्देश्य गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को रोकना है, जो महिलाओं में कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है।

–––रिपोर्ट–––

इधर, पटना के आईजीआईएमएस में इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरूआत करेंगे। गौरतलब है कि राज्य सरकार पहले से ही नौ से चौदह वर्ष तक की बालिकाओं के लिए मुफ्त एचपीवी टीकाकरण अभियान चला रही है। वर्ष दो हजार चौबीस में इस अभियान की शुरूआत हुई थी।

---

नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी. के. पॉल ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क लगेगी। डॉक्टर पॉल ने बताया कि हर साल एक करोड़ पंद्रह लाख किशोरियों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है।

–––बाइट–––

———————————————————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का तीन दिवसीय सीमांचल दौरा समाप्त हो गया है। अपने दौरे के अंतिम दिन उन्होंने पूर्णिया में सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। किशनगंज, अररिया और पूर्णिया में लगातार तीन दिन तक चली मैराथन बैठकों के दौरान सीमा सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, घुसपैठ, बुनियादी ढांचे और विकास की ठोस कार्ययोजना पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

केंद्रीय गृह मंत्री ने संबंधित जिलाधिकारियों को सभी बैंकों द्वारा कानूनी और वित्तीय अनुपालन सुनिश्चित करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। सभी बैंकों को आर. बी.आई. द्वारा जारी दिशा—निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें उच्च मूल्य के नकद लेन—देन की रिपोर्टिंग और बैंक खातों के साथ स्थायी खाता संख्या यानी पैन नम्बर को लिंक करना, शामिल है।

———————————————————————

इधर, हमारे पूर्णिया संवाददाता ने बताया कि बैठक के अंतिम दिन केंद्रीय गृह मंत्री ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से हटे लोगों की पहचान करने और उनकी वर्तमान स्थिति की जांच करने के निर्देश दिये।

———बाइट———

गृह मंत्री अमित शाह ने सीमावर्ती जिलों के साथ—साथ पूरे बिहार में जनसांख्यिकी की गहराई से जांच करने के निर्देश दिये हैं। उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में श्री शाह ने एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से विलोपित लोगों की पहचान करने और उनकी वर्तमान स्थिति का पता लगाने को कहा। इसके लिए घर—घर जाकर सर्वे कराने पर सहमति बनी। साथ ही बैठक में सीमावर्ती जिलों में मजबूत खुफिया नेटवर्क पर जोर दिया गया। इसक अलावा, भारत—नेपाल और भारत—बांग्लादेश के सीमावर्ती जिलों से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी बैठक में मुख्य रूप से चर्चा हुई। बैठक में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, सीमा सुरक्षा बल, आईबी और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, पूर्णिया प्रमंडल के चारों जिलों के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी शामिल थे। बैठक के बाद गृह मंत्री दिल्ली के लिए रवाना हो गये। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णिया से होमी चंदन।

———————————————————————

भारतीय अर्थव्यवस्था में चालू वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस के दौरान वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर सात दशमलव छह प्रतिशत रहने का अनुमान है। वर्ष दो हजार चौबीस—पच्चीस में यह सात दशमलव एक प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने दो हजार बाईस—तेईस को आधार वर्ष मानकर वार्षिक तथा त्रैमासिक अनुमानों की नई श्रृंखला जारी की है। इससे पहले दो हजार ग्यारह—बारह को आधार वर्ष मानकर श्रृंखला जारी की जाती थीं।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने नौ अधिवक्ताओं को पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इनमें मोहम्मद नदीम सेराज, रंजन कुमार झा, कुमार मनीष, संजीव कुमार, गिरिजीश कुमार, आलोक कुमार, राजकुमार, राणा बिक्रम सिंह और विकास कुमार के नाम शामिल हैं। कॉलेजियम ने नियुक्ति से संबंधित प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज दिया है। इन सभी की नियुक्ति के बाद पटना उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर छियालीस हो जाएगी, जो अबतक की सबसे अधिक संख्या होगी।

---

केंद्र सरकार ने चालू खरीफ विपणन मौसम के लिए फोर्टीफाइड चावल की अनिवार्यता को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। अब राईस मिलरों की ओर से सामान्य चावल की आपूर्ति की जाएगी। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के इस फैसले से धान खरीद में तेजी आएगी। इधर, प्रदेश में किसानों से गेहूं की सरकारी खरीद एक अप्रैल से होगी। इसके साथ ही दलहन और तिलहन की भी अधिप्राप्ति होगी।

---

सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रमोद कुमार ने कहा है कि इस वर्ष धान अधिप्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य के तहत नब्बे प्रतिशत तक अधिप्राप्ति सफलतापूर्वक कर ली गई है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री कुमार ने बताया कि राज्य सरकार के अनुरोध पर केंद्र ने धान अधिप्राप्ति की समय–सीमा इकतीस मार्च तक बढ़ा दी है।

–––बाइट–––

---

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के विभिन्न पदों के लिए आज मतदान हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुबह आठ बजकर तीस मिनट पर मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई, जो दोपहर दो बजकर तीस मिनट तक चलेगी। सेंट्रल पैनल के पांच पदों के लिए इकतालीस मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी है। सभी मतदान केंद्रों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गयी है। साथ ही मतदान केंद्रों पर ऑब्जर्वर और शिक्षकों की टीम की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर शंकर कुमार ने बताया कि मतदान संपन्न होने के बाद शाम पांच

बजे से शिल्प महाविद्यालय में मतों की गिनती होगी। देर रात तक परिणाम आने की संभावना है।

---

मद्य निषेध, उत्पाद और निबंधन विभाग ने हॉकी बिहार का पंजीकरण रद्द कर दिया है। बिहार सोसाईटी पंजीयन नियमावली के प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने के आरोप में यह कार्रवाई की गयी है।

---

जम्मू कश्मीर के राजौरी क्षेत्र में आतंकियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान सारण जिले के मांझा थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी जवान जयप्रकाश यादव की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेना के अभियान के दौरान जयप्रकाश की तबीयत खराब हो गयी और कल उनकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि जवान का पार्थिव शरीर आज दोपहर तक उनके पैतृक गांव पहुंचने की संभावना है।

---

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान को तत्काल प्रभाव से सात मार्च तक के लिए बंद कर दिया गया है। साथ ही पटना नगर निगम क्षेत्र में मुर्गे और मुर्गियों के लाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रभावित क्षेत्रों के एक किलोमीटर के दायरे में सेनेटाइजेशन का काम किया जा रहा है।

---

अररिया की एक अदालत ने पत्रकार विमल कुमार की हत्या के मामले में दोषी माधव कुमार यादव और विपिन यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इन दोनों पर पचास–पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले में साक्ष्य के अभाव में अदालत ने सात अन्य आरोपियों को बरी कर दिया। गौरतलब है कि वर्ष दो हजार तेईस में विमल कुमार की हत्या कर दी गयी थी। इधर, हाजीपुर की पोक्सो अदालत ने नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दोषी अखिलेश कुमार को नैसर्गिक जीवन की अंतिम सांस तक कारावास और पचास हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। दूसरी तरफ, सुपौल की विशेष उत्पाद अदालत ने शराब

तस्करी के दोषी सुनील कुमार को पांच साल सश्रम कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। वहीं, खगड़िया की एक अदालत ने आर्म्स एक्ट मामले में दोषी दिलखुश कुमार को अलग–अलग धाराओं में तीन और दो वर्ष की सजा सुनाई है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने पूर्णिया में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उच्च स्तरीय बैठक को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – सीमावर्ती क्षेत्रों में होली के बाद अतिक्रमण पर प्रहार। **प्रभात खबर** लिखता है – धर्मांतरण पर कानून से सरकार का इंकार। स्पीकर ने कहा – समीक्षा कर उठाए कदम। **दैनिक जागरण** ने लिखा है– दिल्ली आबकारी घोटाले में केजरीवाल–सिसोदिया आरोप मुक्त। **दैनिक भास्कर** लिखता है – नल–जल योजना की बदहाली पर स्पीकर ने बुलाई मीटिंग, सरकार को सुधार के दिये निर्देश। **राष्ट्रीय सागर** के शब्द हैं – भारतीय अर्थव्यवस्था की तूफानी रफ्तार जारी, तीसरी तिमाही में जीडीपी सात दशमलव आठ प्रतिशत बढ़ी। **आज अखबार** लिखता है – तालिबान ने पाक सैन्य ठिकानों पर किये ड्रोन हमले।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राजस्थान के अजमेर से चौदह वर्ष की बालिकाओं के लिए राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

02. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का तीन दिवसीय सीमांचल दौरा समाप्त। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में हटाये गए लोगों की पहचान के लिए घर–घर सर्वे का दिया निर्देश।

03. केंद्र सरकार ने धान खरीद में तेजी लाने के लिए फोर्टीफाइड चावल की अनिवार्यता को स्थगित किया।

04. और, पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के सेंट्रल पैनल के पांच पदों के लिए शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी। देर रात परिणाम आने की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।